# न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारी:– **श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.**

राजस्व वाद संख्या: **74/2021** दायर दिनाँक **26.03.2021**

| वादी | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. मदीना बानो पत्नि रज्जाक खान उम्र 31 वर्ष जाति कायमखानी निवासी सुद्रासन, तहसील– डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान। | **बनाम्** | 1. आमीन खां पुत्र स्व0 फरीद खां उम्र 55 वर्ष जाति कायमखानी निवासी सुद्रासन तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0।<br>2. तहसीलदार डीडवाना जिला नागौर राज.। |

**दावा बाबत्**
**घोषणा खातेदारी, बंटवारा, व स्थाई निषेधाज्ञा**
**अन्तर्गत धारा–53, 88, 188 R.T.Act.**

उपस्थितः–

1. श्री पूरणसिंह बोहरा वकील वादीनी।
2. श्री तेजपाल राठी वकील प्रतिवादी।

**–:: निर्णय ::–**

दिनाँक **16.07.2021**

वाद के तथ्य संक्षेप्त में इस प्रकार है कि ग्राम सुद्रासन, पटवारी हल्का सुद्रासन, भू0 अभि0 नि0 क्षैत्र नूवां के वर्तमान खेत खसरा नम्बर 1273/1027 रकबा 0.3200 हैक्ट. बारानी उत्तम मौजा सरहद सुद्रासन तहसील डीडवाना जिला नागौर में अवस्थित है, जिसकी खातेदारी वादीनी एवं प्रतिवादी संख्या 01 खातेदार व काबिज काश्तकार है।

यह है कि वादीनी के ससुर ताजु खां पुत्र फरीद खां जाति कायमखानी निवासी सुद्रासन ने मुझ वादीनी के नाम एक दान पत्र दिनांक 08.10.2018 को पंजीबद्ध करवाया था। जिसका नामान्तरण संख्या 1584/07.01.2019 को दर्ज किया गया उक्त नामान्तरण संख्या में दान पत्र के अनुसार वादीनी के ससुर के नाम केवल मात्र 01 बीघा भूमि हिस्से में आई हुई थी तथा 01 बीघा भूमि वादीनी के ससुर के सगे भाई आमीन खां पुत्र फरीद खां के नाम खातेदारी में आई हुई है।

यह है कि वादीनी के ससुर व काके ससुर अमीन खां पुत्र फरीद खां दोनो ने उक्त 02 बीघा भूमि अर्थात 0.3200 हैक्ट. भूमि लगभग 24 वर्ष पहले उपरोक्त खसरा नम्बर के खातेदारान से जरिये विक्रय पत्र खरीद की थी दोनो भाईयों के सामलाति दर्ज रहने से उक्त भूमि का बंटवारा मौखिक रूप से कर रखा है जिस पर वो वर्तमान में काबिज काश्तकार है वादीनी के ससुर द्वारा उक्त भूमि में से 1/2 हिस्सा भूमि का दान पत्र करवा दिये जाने उपरान्त वर्तमान खातेदारी में आमीन खां पुत्र फरीद खां व वादीनी के नाम खातेदारी भूमि में दर्ज है जिसको वादीनी अलग करवाना चाहती है।

यह है कि मौजा सुद्रासन में खसरा संख्या 1273/1027 वादीनी व प्रतिवादी की संयुक्त खातेदारी की भूमि है जो कि राजस्व रिकॉर्ड में सामलाति दर्ज है जिसका वादीनी व प्रतिवादी के मध्य मौखिक बंटवारा 1/2 – 1/2 अर्थात 0.1600–0.1600 हो चूका है एवं मौके पर सींवे–निवें कायम है लेकिन

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2021.08.02 16:39:40 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner

वादीनी व प्रतिवादी के मध्य बाई मिट्स एण्ड बाउण्ड्स के बंटवारा लाजमी आया है।

वादीनी मदीना बानो पत्नि रज्जाक खां के बंट व हिस्से की भूमि – खसरा नम्बर 1273/1027 रकबा 0.3200 हैक्ट. में 1/2 हिस्सा अर्थात लगभग 0.1600 हैक्ट. पश्चिमी तरफ की भूमि संलग्न नजरी नक्शा अनुसार।

प्रतिवादी संख्या 1 आमीन खां पुत्र फरीद खां के बंट व हिस्से की भूमि :– खसरा नम्बर 1273/1027 रकबा 0.3200 हैक्ट. में 1/2 हिस्सा अर्थात लगभग 0.1600 हैक्ट. पश्चिमी तरफ की भूमि संलग्न नजरी नक्शा अनुसार।

प्रार्थना वादीनी निम्न प्रकार है –

यह है कि मौजा सुद्रासन के खेत खसरा सं0 1273/1027 रकबा 0.3200 हैक्ट. भूमि में वादीनी एवं प्रतिवादी संयुक्त खातेदार है उपरोक्त नजरी नक्शे अनुसार बंटवारा बाई मिट्स एण्ड बाउण्ड्स के द्वारा किया जाकर घोषणा खातेदारी में नाम अमल दरामद की जावें तथा इसी अनुरूप राजस्व रिकॉर्ड में तरमीम किया जावें, पटवारी हल्का द्वारा जारी ट्रेस नक्शे में दर्शित की गई है उसे पूर्वी–पश्चिमी तरफ की घोषित की जावे और इसी अनुरूप 0.1600 हैक्टे0 पूर्वी तरफ तथा 0.1600 हैक्टे. पश्चिमी तरफ की तरमीम की जावें।

यह है कि उक्त राजीनामा के साथ संलग्न नजरी नक्शे अनुसार मौजा सुद्रासन के खेत खसरा 1273/1027 रकबा 0.3200 हैक्ट. भूमि में वादीनी का 1/2 हिस्सा अर्थात लगभग 0.1600 हैक्ट. पश्चिमी तरफ की भूमि व प्रतिवादी का 1/2 हिस्सा अर्थात लगभग 0.1600 हैक्ट. पश्चिमी तरफ की भूमि संलग्न नजरी नक्शा अनुसार सभी पक्षकारान ने आपसी सहमति व स्वेच्छा से उक्त राजीनामा किया है।

रेकर्ड का अवलोकन किया। तर्को पर मनन करने तथा रेकर्ड के अवलोकनोपरान्त वादी का वाद स्वीकार किया जाता है।

## आदेश

अतः हस्व दावा जरिये राजीनामा स्वीकार कर वाके सरहद सुद्रासन के खसरा सं. 1273/1027 रकबा 0.3200 हैक्ट. की खातेदारी वाद में पेश राजीनामा व संलग्न नजरी नक्शा अनुसार बंटवारा कर पक्षकारान की अलग–अलग खातेदारी घोषित की जाती है। राजीनामा व नजरी नक्शा निर्णय व डिक्री का अभिन्न भाग रहेगा।

(कार्तिकेय मीणा)
RAS
सहायक कलक्टर
डीडवाना

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2021.08.02 16:39:40 IST
Reason: SelfAttested

निर्णय आज दिनाँक 16.07.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(कार्तिकेय मीणा)
RAS
सहायक कलक्टर
डीडवाना

Scanned by CamScanner

डिक्री बमुकद्दमें इब्तदाई
(आर्डर 20, रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)
अज अदालतः– सहायक कलक्टर, डीडवाना
बइजलास : **श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.**

राजस्व वाद संख्याः **74/2021** दायर दिनाँक **26.03.2021**

| वादी | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. मदीना बानो पत्नि रज्जाक खान उम्र 31 वर्ष जाति कायमखानी निवासी सुद्रासन, तहसील– डीडवाना, जिला–नागौर, राजस्थान। | **बनाम्** | 1. आमीन खां पुत्र स्व0 फरीद खां उम्र 55 वर्ष जाति कायमखानी निवासी सुद्रासन तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0।<br>2. तहसीलदार डीडवाना जिला नागौर राज.। |

**दावा बाबत्**
**घोषणा, रेकर्ड दुरूस्ती एवं रेकर्ड दुरूस्ती**
**अन्तर्गत धारा 53, 88, 188 R.T. Act.**

दिनाँक **16.07.2021**

यह मुकद्दमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी मिनजानिब मुद्दई श्री पूरणसिंह बोहरा वकील वादीनी व श्री तेजपाल राठी वकील प्रतिवादी की ओर से मद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि, जरिये राजीनामा दावा स्वीकार कर वाके सरहद सुद्रासन के खसरा सं. 1273/1027 रकबा 0.3200 हैक्ट. की खातेदारी वाद में पेश राजीनामा व संलग्न नजरी नक्शा अनुसार बंटवारा कर पक्षकारान की अलग–अलग खातेदारी घोषित की जाती है। राजीनामा व नजरी नक्शा निर्णय व डिक्री का अभिन्न भाग रहेगा।

नीज..........–.......... मुबलिंग............–............... बाबत.....................–............ ........खर्चा इस मुकद्दमें के मय सूद व शरह..........–.......... आज की तारीख को अदा करें। बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज की तारीख **16.07.2021** को सरे इजलास में जारी की गयी।

सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलक्टर डीडवाना (नागौर)

| मुद्दई | रूपया | पैसे | मुदायलह | रूपया | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | महनताना वकील | | |
| महनताना वकील | – | | खर्चा गवाहान | | |
| खर्चा गवाहान | – | | फिस कमिश्नर | | |
| फिस कमिश्नर | | | बाबत इजराय | | |
| बाबत इजराय | | | हुक्मनामा | | |
| हुक्मनामा | | | मुतफर्रिक | | |
| मुतफर्रिक | | | | | |
| मिजान | | | मिजान | | |

नोटः–इस खर्च के फार्म पर कुल खर्चा हर दो फरीक ... जरिये दिलाया गया हो या नही दर्ज करना चाहिये।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2021.08.02 16:59:40 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलक्टर डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner